गोलाघाट पुल निर्माण में मुआवजे को लेकर किसानों ने रोका काम, पैमाइश के बाद फिर शुरू हुआ निर्माण

बभनौली (कुशीनगर)।विकास खंड सेवरही के पिपराघाट मुस्तकील स्थित गोलाघाट में बांसी नदी पर 25.70 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे पक्के पुल के निर्माण में जमीन के मुआवजे को लेकर कुछ किसानों ने काम रोक दिया। किसानों की आपत्ति पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश की और मुआवजे की प्रक्रिया समझाई। इसके बाद किसानों की सहमति से निर्माण कार्य दोबारा शुरू करा दिया गया। तमकुहीराज तहसीलदार संदीप सिंह ने बताया कि पुल निर्माण के दायरे में कुछ किसानों की भूमि प्रभावित होने की आशंका थी। मुआवजे को लेकर किसानों की आपत्ति की जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने पैमाइश कर किसानों को बताया कि जिनकी भूमि प्रभावित होगी, वे अपनी खतौनी और आधार कार्ड जमा कर दें, ताकि प्रभावित रकबे के अनुसार मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की जा सके। सेतु निगम के एई विवेक नायक की पहल पर हुई कार्रवाई के बाद किसानों ने



सहमति जताई। इसके बाद निर्माण कार्य फिर से शुरू हो गया। करीब 20 दिनों से चल रहे निर्माण में फिलहाल पुल के पायों का निर्माण कराया जा रहा है। मौके पर सेतु निगम के जेई सत्यजीत सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

गौरतलब है कि बांसी नदी पर पक्का पुल नहीं होने से नदी के उस पार बसे जोगिनी, जोगीरहा सहित दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। अभी तक लोगों को पीपा पुल का सहारा लेना पड़ता था।

बरसात के दिनों में पीपा पुल हटाए जाने के बाद नाव या फिर ठकरहा और नरवाजोत के रास्ते लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। पुल निर्माण पूरा होने से विद्यार्थियों, मरीजों, किसानों और नौकरीपेशा लोगों को सेवरही बाजार, तमकुही रोड रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों तक पहुंचने में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों का मानना है कि यह पुल क्षेत्र की वर्षों पुरानी आवागमन की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

टेकुआटार चौराहे के आसपास खेतों में अवैध मिट्टी खनन का आरोप, प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

सोहसा मठिया / कुशीनगर। कसया तहसील क्षेत्र के चौराहा टेकुआटार के आसपास स्थित खाली खेतों में इन दिनों कथित रूप से अवैध मिट्टी खनन का कार्य तेजी से चल रहा है। आरोप है कि खेतों में जे सी बी मशीन लगाकर बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई कराई जा रही है। इसके बाद निकाली गई मिट्टी को ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर बेचकर कारोबार किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में जेसीबी मशीनों से लगातार मिट्टी की खुदाई किए जाने से आसपास के खेतों की स्थिति भी प्रभावित हो रही है। बिना अनुमति इस तरह मिट्टी का खनन किए जाने की चर्चा क्षेत्र में जोर पकड़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि यह खनन बिना प्रशासनिक अनुमति के किया जा रहा है तो यह राजस्व नियमों की अनदेखी का मामला है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में जेसीबी मशीनों से लगातार मिट्टी की खुदाई किए जाने से आसपास के खेतों की स्थिति भी प्रभावित हो रही है। बिना अनुमति इस तरह मिट्टी का खनन किए जाने की चर्चा क्षेत्र में जोर पकड़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि यह खनन बिना प्रशासनिक अनुमति के किया जा रहा है तो यह राजस्व नियमों की अनदेखी का मामला है।



सबसे बड़ा सवाल यह है कि खुलेआम जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी की खुदाई और बिक्री का कार्य होने के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों की नजर इस ओर क्यों नहीं पड़ रही है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है या फिर जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है? इस मामले को लेकर क्षेत्र के लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो मिट्टी खनन का यह कारोबार और बढ़ सकता है। अब देखना यह है कि संबंधित राजस्व विभाग और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और अवैध खनन की जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कब तक कार्रवाई करते हैं। या फिर प्रशासन की कुंभकर्णी नींद इसी तरह बनी रहेगी।

युवक की मौत के बाद आक्रोश, शव पुलिस चौकी पर रख किया प्रदर्शन

आरोपितों के एनकाउंटर की मांग, पुलिस के कार्रवाई के आश्वासन पर दाह संस्कार को हुए तैयार

, भिंगारी बाजार,देवरिया।मारपीट में घायल युवक की लखनऊ में मौत के बाद मंगलवार को क्षेत्र में आक्रोश भड़क उठा। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजन व ग्रामीणों ने दोषियों के एनकाउंटर की मांग करते हुए शव को भिंगारी पुलिस चौकी पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लगभग एक घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी मनोज कुमार के आश्वासन पर परिजन शव लेकर घर पहुंचे। घर पहुंचने के बाद भी ग्रामीण जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों ने परिजन और ग्रामीणों को आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन दाह संस्कार के लिए राजी हुए। इस दौरान काफी देर तक गांव में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। बता दें कि खामपार थाना क्षेत्र के करौंदा मायापुर निवासी राजू ठाकुर (28) को रविवार की रात दवा करने के बहाने बुलाकर देशी शराब और बीयर की दुकान के पास मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। इलाज के दौरान सोमवार को लखनऊ के केजीएमयू में उनकी मौत हो गई थी। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।सीओ मनोज कुमार ने बताया कि कुछ लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

भगवानपुर मंदिर के सामने दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो युवक गंभीर

बभनौली (कुशीनगर)। सेवरही थाना क्षेत्र के भगवानपुर मंदिर के सामने दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची सेवरही पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवरही पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र के सिताबदियारा निवासी नारायण चौहान (25), पुत्र मैनेजर चौहान तथा कुशीनगर जिले के बरवापट्टी थाना क्षेत्र के रामपुर जमुनिया निवासी रंजीत गौतम (20), पुत्र सोहिला प्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बलुआअफगान के चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है । मामले के सम्बन्ध में बलुआअफगान निवासी मोहन मध्देसिया पुत्र स्व हरिहर कानू ने गाँव के ही पिन्टु मध्देसिया अशोक मध्देसिया पुत्रगण वशिष्ठ मध्देसिया विशाल मध्देसिया पुत्र पारस राजन मध्देसिया पुत्र नेबुलाल पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में दिये गये तहरीर में लिखा है कि उक्त आरोपियों द्वारा दीपावली के सायंकाल लगभग 6बजे गाली देते हुए मारपीट किये बीच बचाव करने आये मेरे परिजनों को भी पीटा । किसी तरह से वहां से भागकर हमलोगों ने अपनी जान बचाई । आरोपियों द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है ।पुरा परिवार भयभीत है । तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 115(2) 352,351(3) के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है ।

अनवरत पांचवें वर्ष होगा दीपदान, जनसहभागिता एवं जनसहयोग से आयोजित होगा दीपोत्सव

टेकुआटार कुशीनगर, कार्तिक पूर्णिमा (देव दीपावली) के पावन अवसर पर 24 नवंबर 2026 को नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के तत्वावधान में छोटी गंडक नदी तट स्थित सोहसा दुबौली घाट पर सायं काल अनवरत पांचवें वर्ष जनसहयोग से दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में बुधवार को सोहसा मोक्ष धाम परिसर में क्षेत्रवासियों के साथ तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति



से इस वर्ष 5500 दीप प्रज्वलित करने तथा पिछले वर्षों की भांति गंगा मैया की अध्यक्षता एवं महादेव को मुख्य अतिथि मानकर दीपोत्सव आयोजित करने का संकल्प लिया गया। आयोजन की विशेषता यह रहेगी कि इसमें किसी विशिष्ट अतिथि अथवा औपचारिक मंचीय व्यवस्था के बजाय क्षेत्रवासियों, प्रबुद्धजनों, संस्था सदस्यों एवं आम श्रद्धालुओं की सामूहिक सहभागिता को प्राथमिकता दी जाएगी। यह दीपोत्सव पूर्णत: जनआस्था, जनभागीदारी एवं जनसहयोग को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के सचिव डॉ. हरिओम मिश्र ने किया। बैठक में ग्राम प्रधान दुबौली श्री सेवा लाल यादव, कार्यक्रम संयोजक श्री सत्यजीत सिंह, श्री शिव कुमार पाण्डेय, श्री आशुतोष पाण्डेय, श्री अश्विनी पाण्डेय, श्री महंत कुशवाहा, श्री मंजीत गुप्ता, श्री विजय राय, श्री आदित्य पाण्डेय, श्री प्रमोद कुमार मिश्र, श्री सुग्रीव प्रसाद, सुग्रीव प्रसाद, बिकेश चौधरी, अखण्ड प्रताप राव, श्री राजेश राव, श्री पेशकार गौड़ आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना बनी पीड़ित किसान परिवारों का सहारा

पडरौना/कुशीनगर। किसान परिवारों को विपरीत परिस्थितियों में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सहायता वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दुर्घटना में जान गंवाने

❑सांसद व विधायकों ने लाभार्थियों को सौंपे पांच-पांच लाख रुपये के सांकेतिक चेक ❑कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण, अधिकारियों को पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश

वाले किसानों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता के सांकेतिक चेक प्रदान किए गए। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने लाभार्थी परिवारों को चेक सौंपते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और लाभार्थियों ने सुना। कार्यक्रम में सांसद विजय कुमार दुबे, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड, हाटा



विधायक मोहन वर्मा, जिलाधिकारी संजय चौहान तथा अपर जिलाधिकारी पवन कुमार मौजूद रहे। पडरौना तहसील क्षेत्र के खजुरिया निवासी कुसुम देवी, सिंगहा के गनेश, जंगल पचरुखिया की निर्मला देवी, नौरंगिया की शालिनी त्रिपाठी एवं अनुराधा देवी, चिरगोड़ा की शैला देवी और पिपरा जटामपुर के सूरज गोड़ सहित अन्य लाभार्थियों को सहायता राशि के सांकेतिक चेक दिए गए। इसी क्रम में कसया तहसील क्षेत्र के पकड़ी भरौली की फूलमती, भैसहा की अनीता देवी, टेकुआटार के छेदी, सिधावें की सीमला देवी, रामवर बुजुर्ग की सुमित्रा देवी, कोल्हुआ की विगनी देवी, अमवां की सीमा पटेल तथा परसौनी मुकुन्दहा की सुफिया खातून सहित अन्य पात्रों को भी चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि खेती-किसानी के दौरान दुर्घटना में परिवार के मुखिया अथवा कमाऊ सदस्य की मृत्यु होने से आश्रितों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे कठिन समय में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहारा देने का कार्य कर रही है। योजना के माध्यम से प्रभावित परिवारों को संबल प्रदान करने के साथ उनके भविष्य की सुरक्षा का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचाया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र परिवार किसी भी दशा में सरकारी सहायता से वंचित न रहें।

उत्साह के साथ मना गोवर्धन पूजा

हाटा(कुशीनगर)। प्रकाश पर्व दीपावली मनाने के बाद तीसरे दिन नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भैयादूज व गोवर्धन पूजा का



त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। गोबर से भव्य गोवर्धन बनाने के बाद विधि विधान से इनकी पूजा कर महिलाओं ने सुख समृद्धि शांति के लिए चली आ रही परंपरा के अनुसार उनकी कुटाई की। गोवर्धन पूजा का त्यौहार बुधवार को धूमधाम से मनाया गया क्षेत्र के मथौली बाजार,मुहमदा जमीन सिकटिया,दुबौली, अथरहा, लंगडी, पोखर भिण्डा,मुड़िला हरपुर, झांगा बाजार ,सतभरिया, परसौना,मुण्डेरा उपाध्याय सहित दर्जनों गांवो में बच्चियों सहित युवतियों ने अपने गांव में समूह बनाकर गोबर से गोवर्धन को बनाया।

यहां पहुंच विवाहित महिलाओं ने अपने सुहाग की रक्षा के लिए विधि विधान से उनकी पूजा कर मन्नत मांगी साथ ही सुख समृद्धि की कामना की।

दोपहर बाद लगभग 2 बजे गांव की महिलाओं ने प्राचीन समय से चली आ रही रीति रिवाज के तहत उनकी कुटाई की।कुटाई के बाद कुंवारी कन्याओं सहित विवाहिताओं ने इस गोबर से शाम को पीड़िया लगाई।

सबसे अधिक रोजगार आज भी कृषि क्षेत्र में - डॉ. आलोक

कसया, कुशीनगर। कृषि अनुसंधान विज्ञान की प्रयोगशाला से खेतों से जोड़कर नई तकनीक को अपनाकर किसान आगे बढ़ेंगे तो खुशहाली आएगी। भारत में सबसे अधिक रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र में हैं। देश की आधे से

❑ खेती के साथ पशुपालन, बागवानी, मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, सब्जी की खेती से आएगी खुशहाली

अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। ये बातें भारत सरकार के कृषि वैज्ञानिक डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने बुधवार को कसया ब्लॉक के ग्राम बकनहां स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित कृषक चौपाल कार्यक्रम में कही। कृषि वैज्ञानिक डॉ आलोक ने कहा कि आप लोग गेहूं, धान, गन्ने की खेती पर ही निर्भर न रहें।

आपके पास पैसा तभी आएगा जब खुशहाली के लिए अपनी सुविधा अनुसार खेती के साथ पशुपालन, बागवानी, मछली पालन, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, बकरी पालन करेंगे। इन सभी विधाओं पर तकनीकी जानकारी हम उपलब्ध कराएंगे। डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि पशुपालन से दूध, दही, पनीर, घी आदि बेचकर प्रतिदिन आमदनी कर सकते हैं। गोबर से खाद बनेगी, मिट्टी की उर्वरा शक्ति



बढ़ेगी, फसलों में कीट व रोग से बचाव होगा, खेती में उत्पादन लागत घटेगी। मुर्गी पालन करके एक चूजे को 3 किलो दाना खिलाकर आज 35 से 40 दिनों में 2 किलो का मुर्गा तैयार हो जाएगा, जो 200 रुपये किलो नकद बिक जाएगा। मछली पालन करके एक साल में एक एकड़ तालाब से 5 से 6 लाख रुपये आमदनी कर सकते हैं। खेती के साथ बागवानी में आम, अमरूद, केला, जामुन की नई प्रजातियों को लगाने की सलाह दी। उन्होंने अपने कृषि फार्म टाडवा में वृक्षारोपण किया और जामुन का पौधा रोपा। कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को बताया कि कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय खुलने से कृषि के क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। रबी, खरीफ, सब्जी, दलहन, तिलहन, बागवानी, मुर्गी पालन, पशुपालन, मछली पालन, मशरूम आदि की नई प्रजातियां विकसित होंगी, नई तकनीक विकसित होगी, जिससे किसान की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों को कृषि पढ़ाएं, कृषि क्षेत्र में सबसे अधिक रोजगार के अवसर हैं। हर गांव के चौराहे पर कीटनाशक, बीज, कृषि यंत्र की दुकान खुलेगी।

उन्होंने कहा कि धान के अवशेष को, गन्ने की सूखी पत्ती को न जलाएं, जलाने से हवा जहरीली होगी, मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर होगी। वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। अपनी सुविधा और बाजार की मांग के अनुसार व्यवसाय का चुनाव करें। मुर्गी पालक किसान नरेंद्र कुमार ने बताया कि हम 50 से 60 हजार चूजा प्रति माह मुर्गी पालन करके कमा रहे हैं। मुर्गी की खाद भी 2500 रुपये ट्राली बेचते हैं। मछली पालक अमरनाथ गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, शंकर गुप्ता, ब्रजनाथ, अजय, सुनील कुमार ने बताया कि भ्रमण-प्रशिक्षण से जानकारी मिली है और पशुपालन करके खुशहाल हैं। दूध, दही, पनीर आसानी से बिकता है।

सहायक खंड विकास कृषि अधिकारी हेमंत गुप्ता ने कहा कि डॉ. आलोक गुप्ता के मार्गदर्शन में पशुपालन, मछली, कृषि विभाग काम कर रहा है। पूर्व सहायक निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि खेती के प्रति रुचि को जागृत करते आ रहे हैं। एक एकड़ गन्ने की खेती से 120 लोगों को रोजगार मिला है, बुवाई से चीनी मिल तक भेजने में।

भाकियू के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. रणजीत सिंह पुण्यतिथि मनाई गई

कसया(कुशीनगर)। भारतीय किसान यूनियन तहसील कसया के तत्वावधान में बुधवार को सिसवा रामलीला मैदान में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्वी जोन उप्र एवं पूर्व जिलाध्यक्ष कुशीनगर स्व. रणजीत सिंह की 9 वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और स्व. रणजीत सिंह के संघर्ष और किसानों के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।



कार्यक्रम में अधिवक्ता सभा समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष एडवोकेट उदयभान यादव ने स्व सिंह को एक न्याय प्रिय नेता बताया और कहा कि उन्होंने किसानों के हक के लिए आजीवन संघर्ष किया। मुख्य वक्ता अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य गोरख सिंह ने स्व सिंह के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि स्व. रणजीत सिंह ने जीवन भर किसानों की समस्याओं और उनके हक की लड़ाई के लिए संघर्ष किया। उन्होंने किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और संगठन को

❑न्याय के लिए स्व. रणजीत सिंह ने आजीवन किया संघर्ष-एड. उदयभान यादव

मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तहसील अध्यक्ष बद्री प्रसाद कुशवाहा और संचालन मुहम्मदीन अंसारी, रामप्रीत सिंह, जयराम सिंह, मुन्नी देवी, झुनरी देवी, गौरी, अयोध्या सिंह, रामजीत, अजय सिंह, कमला देवी सहित तमाम गणमान्य व्यक्ति व किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भागवत कथा श्रवण से होता है जीव को आत्मबोध - विनय राघव दास

तुर्कपट्टी,कुशीनगर। ग्रामसभा सपही बरवा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पं. विनय राघव दास जी महाराज ने जीव, जगत और माया के वास्तविक स्वरूप का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जीव, जगत और माया का वास्तविक ज्ञान ही श्रीमद्भागवत का मूल विषय है। भागवत कथा के श्रवण से जीव को आत्मबोध होता है और जगत तथा माया के वास्तविक स्वरूप को जानकर वह आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर होता है।



उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य भगवान की प्राप्ति है। भौतिक सुखों से मनुष्य की वास्तविक तृप्ति संभव नहीं है। परम तत्व को जानना ही जीव की सच्ची जिज्ञासा है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर भगवान की प्राप्ति के साधन में जुटना चाहिए। कथा के दौरान कपिल-देवहूति संवाद प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसके साथ दूसरे दिन की कथा का विश्राम हुआ। इस अवसर पर आचार्य संजय चतुर्वेदी ने मूल पारायण किया।

कार्यक्रम में सृष्टि, दीपिका, रितिका, कृष्णा, रेनू, अंजू, संजू, उपेंद्र, नंदलाल, अर्जुन, चंदेश्वर, विनिता, शांति, बृजकिशोर, वेदप्रकाश गुप्ता, शिवेंद्र, नीरज, रामदयाल, राधेश्याम और राघव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

रामपुर कारखाना का समग्र विकास करना ही मेरा संकल्प-सुरेन्द्र चौरसिया

भटनी(देवरिया)स्थानीय नगर पंचायत के नूरीगंज बाजार में बहुप्रतीक्षित नूरीगंज बाजार के सामने छोटी गण्डक नदी पर विधायक सुरेन्द्र चौरसिया के प्रयास से दीर्घकालिक सेतू के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा धन अवमुक्त किये जाने पर नगर के नूरीगंज बाजार के तिराहे पर एक सम्मान समारोह का आयोजन भाजपा भटनी के मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी ।जिसमें आयोजन समिति द्वारा विधायक सुरेन्द्र चौरसिया को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।इसके अलावे जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह पूर्व चेयरमैन रमेशचन्द्र वर्मा सहित भाजपा मण्डल अध्यक्ष सहित एक दर्जन जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करता रहा हु ।इसी कडी में नूरीगंज बाजार के.विकास की कडी में छोटी गण्डक नदी पर दीर्घ सेतु का निर्माण भी जूट गया ।इस पुल के बन जाने से भटनी विकास खण्ड के अलावे सुदूर से



आने व जाने वालो को सहुलियत मिलेगी ।वही व्यापार के क्षेत्र में भी विकास होगा । मेरा आगे प्रयास रहेगा कि क्षेत्र को हर क्षेत्र में विकसित करने का मेरा प्रयास जारी रहेगा । नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने विधायक सुरेन्द्र चौरसिया के क्षेत्र की विकास को गति देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बधाई दिया । पूर्व चेयरमैन रमेशचन्द्र वर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार और विधायक जी के प्रयास से क्षेत्र का चातुर्दिक विकास सम्भव हो रहा है । जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह ने नूरीगंज बाजार के पास छोटी गण्डक नदी में दीर्घ सेतु का निर्माण विकास की कडी में सहायक सिध्द होगा । कार्यक्रम में सचिन गुप्ता आशीष पासवान शेषनाथ कुशवाहा प्रमोद गुप्ता ।सभासद कुन्दन सिंह अशोक गुप्ता सौरभ सिंह विनय सिंह शिवशंकर मौर्या अजीत यादव लालबिहारी प्रजापति अशोक वर्मा मिथिलेश यादव सलीम दीपक लाल श्रीवास्तव भरत सिंह सहित भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी सहित क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही ।